आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी ता सहित

# अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो।

## विविध अपील वाद संख्या....06...../2021–22

(मेंहदी इमाम् बनाम् तबस्सुम आरा)

| आदेश की क्रम सं0 और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख |
|---|---|---|
| **15.04.2023** | प्रस्तुत अपीलवाद भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, चास के न्यायालय का विविध वाद संख्या–01/2018–19 में पारित अंतिम आदेश दिनांक 09.03.2021 के विरूद्ध मेंहदी इमाम्, पिता स्व0 सिराजुद्दीन अंसारी, प्रभात कॉलोनी, चास, पोस्ट+थाना–चास, जिला–बोकारो के द्वारा अपने विद्वान् अधिवक्ता के माध्यम से लाया गया है।<br><br>विवादित भूमि चास अंचल अन्तर्गत मौजा–हैसाबातु खाता संख्या–11, प्लॉट नं0–270, रकवा–0.10 एकड़ भूमि से संबंधित है।<br><br>इस वाद में उभयं पक्षों को नोटिस निर्गत कर विधिवत् सुनवाई की गई। उभय पक्षों के विद्वान् अधिवक्ताओं को सुना एवं उनके द्वारा लिखित अभिकथन, प्रस्तुत तर्क, दाखिल कागजातों/दस्तावेजों तथा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, चास द्वारा पारित अंतिम आदेश का अवलोकन किया।<br><br>अवलोकनोपरान्त पाया गया कि इस वाद में निम्न न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, चास द्वारा अपने अंतिम आदेश में वर्णित किया है कि प्रश्नगत मामला उभय पक्षों के बीच भूमि विवाद, हक एवं स्वत्व निर्धारण से संबंधित है, जो उनके न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत नहीं आता है। निम्न न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, चास द्वारा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विधिसम्मत् अंतिम आदेश पारित किया गया है। इसमें अधोहस्ताक्षरी न्यायालय द्वारा किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।<br><br>अतः उपरोक्त समस्त तथ्यों के आलोक में इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।<br><br>**लेखापित एवं संशोधित।**<br><br>15/4/23<br>अपर समाहर्त्ता, बोकारो।<br><br>15/4/23<br>अपर समाहर्त्ता, बोकारो। | |

Digitally signed by MOHAMMAD MUMTAZ ANSARI
Date: 2024.12.30 12:28:56 +05:30
Location: 192.168.1.101